राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

क्रमांकः प.8 (ड)(का.भा.)/डीएलबी/23/1804 दिनांकः 20/06/2024

आदेश

विभागीय आदेश कमांक प.2(क)/जांच/डीएलबी/2022/1195 दिनांक 12.05.2023 द्वारा श्री मनीष कौशल अध्यक्ष व सदस्य वार्ड संख्या 06 नगरपालिका रायसिंहनगर जिला श्री गंगानगर को निलम्बित किया गया था। तत्पश्चात् कार्यालय आदेश कमांक 677 दिनांक 25.05.2023 द्वारा उपाध्यक्ष (श्री हरीश कुमार) नगरपालिका रायसिंहनगर को अध्यक्ष पद का कार्यभार दिया गया था। श्री हरीश कुमार की आकस्मिक मृत्यू होने के कारण नगरपालिका रायसिंहनगर के अध्यक्ष का पद रिक्त है। उक्त पद सामान्य वर्ग हेतु आरक्षित है।

अतः राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 50(1) (i) (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीमती बलजिन्द्र कौर पार्षद वार्ड सं. 26 को अध्यक्ष नगर पालिका रायसिंहनगर के पद का कार्यभार 60 दिवस से अनधिक कालावधि अथवा राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य आदेश, जो भी पूर्व हो तक के लिये दिया जाता है।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(सुरेश कुमार ओला)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांकः प.8 (ड)(का.आ.)/डीएलबी/23/ 1805-15 दिनांकः 20/06/2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
4. सम्भागीय आयुक्त, बीकानेर/जिला कलक्टर गंगानगर।
5. निदेशक/अधीक्षक लेखन एवं मुद्रण राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय जयपुर को राज0 राजपत्र के असाधारण अंक के भाग 6(क) के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
6. उप सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग सचिवालय राज0 जयपुर।
7. उप निदेशक(क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, बीकानेर ।
8. उपखण्ड अधिकारी, रायसिंहनगर।
9. अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रायसिंहनगर।
10. प्रोग्रामर (आई.टी. सैल), निदेशालय।
11. सुरक्षित पत्रावली।

(लेखराज जाग्रत)
वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी